रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/97

REGISTERED NO. DL—33001/97

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 44] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 1, 1997 (कार्तिक 10, 1919)

No. 44] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 1, 1997 (KARTIKA 10, 1919)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	675
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1009
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	5
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1643
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1005
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेंटों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	1489
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं ।	3475
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	347
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	*

*प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	675
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1009
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	5
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1643
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1005
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	1489
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	3475
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	347
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	

* Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसम नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 1997

सं. 81-प्रेज/97—राष्ट्रपति निम्नलिखित सैन्य अफसर को उनकी अति असाधारण वीरता के लिए "अशोक चक्र" प्रदान करने हेतु सहर्ष अनुमोदन करते हैं :

सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त (आईसी-53987), 11 गोरखा राइफल्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 20 जुलाई 1997)

20 जुलाई, 1997 को कश्मीर घाटी में उग्रवादियों से मुकाबला करते समय 1/11 गोरखा राइफल्स में सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त ने बड़ी मुश्किल से मिली गुप्त सूचना के आधार पर श्रीनगर में सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी ।

भाड़े पर लिए गए विदेशी सैनिकों के एक दल ने चार दीवारी के ऊंची अहाते वाले लगभग सुरक्षित तिमंजिले मकान में मोर्चा-बंदी कर रखी थी जहां से पूरे क्षेत्र में बेहतर ढंग से गोलीबारी की जा सकती थी ।

उग्रवादियों ने सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त के सैन्य दल द्वारा घेरे जाने पर उन पर भारी गोलीबारी कर दी । उग्रवादियों ने इस मकान का, सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त द्वारा उग्रवादियों की गोलीबारी की बौछार से अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना दीवार फांदकर मकान के अंदर घुसकर वहां सनसनी फैलने के लिए बम विस्फोट किए जाने तक कुशलता से उपयोग कर उनके सैन्य दल के सभी हमलों को नाकाम कर दिया ।

सभी उग्रवादियों ने अपने दल पर की जा रही कारगर गोली-बारी को रोकने के लिए जबाबी गोलीबारी शुरू कर दी । तिस पर सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त अपनी आड़ से हट गए और ए के राइफल से गोलीबारी कर उग्रवादियों को खदेड़ने लगे ।

दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई और उग्रवादियों ने भागने के लिए मकान के पीछे का दरवाजा खोल दिया । सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त ने यह भांपते हुए कि कुछ फंसे हुए उग्रवादी बचकर भागने की कोशिश कर रहे हैं, सामरिक सूझबूझ और चुस्ती से झटपट मोर्चा संभाल लिया बचने के मार्ग में आ पहुंचे । उग्रवादी हतोत्साहित होकर मकान से बाहर निकल आए और लगा-तार गोलीबारी करने लगे । तिस पर सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आमने-सामने की दुस्साहसपूर्ण मुठभेड़ में अपनी ए के 47 राइफल से दूसरे उग्रवादी को मार गिराया ।

इतने में दूसरे उग्रवादी ने ऊपर खिड़की से स्वचालित शस्त्र से अफसर के मुंह पर सीधे भारी गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया । लहूलुहान और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सेकेंड लेफ्टि पुनीत नाथ दत्त ने बड़ी फुर्ती से खिड़की से हथगोला फेंककर तीसरे उग्रवादी का काम तमाम कर दिया । इस हथगोले के फटने से मकान में भारी मात्रा में रखे गए विस्फोटक और गोलाबारूद भी फटकर नष्ट हो गए ।

इस कार्रवाई में सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त ने भाड़े पर लिए गए तीन खूंखार विदेशी सैनिकों को अकेले ही मार कर उनके गुप्त ठिकाने को भी नष्ट कर दिया । अंततः गंभीर रूप से घायल होने के कारण 20 जुलाई, 1997 को 1215 बजे उनके प्राण पखेरू उड़ गए ।

इस प्रकार सेकेंड लेफ्टि. पुनीत नाथ दत्त ने असाधारण वीरता, अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय देकर भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप अपने प्राण न्यौछावर कर दिए ।

एस. के. शरीफ, राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 82-प्रेज/97—राष्ट्रपति, असाधारण वीरता का प्रदर्शन करने के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं :-

1. 14917753 सिपाही दया शंकर,
14 राष्ट्रीय राइफल्स
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 अगस्त, 1996)

05 अगस्त, 1996 को 14 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही दया शंकर जम्मू व कश्मीर में बारामुल्ला जिले के लहरवालपुरा गांव संक्रियाओं के दौरान खोजी दल का एक हिस्सा थे ।

जैसे ही दल उस घर के नजदीक आगे बढ़ा, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, घर से लगभग 50 मीटर दूर एक खुले इलाके को पार करते समय सिपाही दया शंकर पर उग्रवादियों ने गोली चला दी। यह सोचकर कि उसके साथी खतरनाक स्थिति में होंगे, अपने घावों की परवाह न करते हुए, सिपाही दया शंकर ने अंदर छिपे उग्रवादी की स्थिति का जायजा लेकर अपने हथियार से फायर किया और नजदीक से गोलीबारी करके उसे मार गिराया। सिपाही दया शंकर नीचे गिर पड़े, उन पर एक बार फिर आतंकवादी ने गोली चला दी। छिपे हुए एक अन्य उग्रवादी ने उन पर गोली चला दी ताकि वे आगे न बढ़ पाएं। गंभीर रूप से घायल सिपाही दया शंकर ने जब यह देखा कि केवल वे उग्रवादी तक पहुंच सकते हैं तो वे सरक कर उसकी तरफ बढ़े और कुछ दूरी से गोला फेंक कर उसे वहीं मार गिराया इस तरह उन्होंने दो उग्रवादियों को मार गिराया। दो राइफलें और एक पिस्तौल बरामद की गई। सिपाही दया शंकर इस लड़ाई में 05 अगस्त, 1996 को 1700 बजे घटनास्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

इस प्रकार सिपाही दया शंकर ने अपनी जान की बाजी लगाकर असाधारण वीरता, अदम्य शौर्य भावना और अत्यंत कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. मेजर कृष्णा मूर्ति बालासुब्रामणयम (आई सी-42011) 34 राष्ट्रीय राइफल्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 12 अगस्त, 1996)

12 अगस्त, 1996 को 0330 बजे मेजर कृष्णा मूर्ति बालासुब्रामण्यम को यह सूचना मिली कि जम्मू-कश्मीर सेक्टर में श्री नगर के जिला बड़गांव में रैयार यैश्र गांव के एक घर में एक खूंखार उग्रवादी छिपा हुआ है।

अफसर एक खोजी दल के साथ वहां पहुंचे और जैसे ही वे घर में घुसे, उग्रवादी ने उन पर गोली चला दी और उन्हें घायल कर दिया। अफसर ने तत्काल गोली दागी और उग्रवादी को वहीं मार गिराया। एक और उग्रवादी जो पास के कमरे में छिपा हुआ था, उसने बीच के दरवाजे से ही गोली चलायी और अफसर को और अधिक जख्मी कर दिया मेजर कृष्णा मूर्ति बालसुब्रमण्यम जो हालांकि बुरी तरह से घायल हो चुके थे, रेंगते हुए आए और दूसरे कमरे में हथगोला फेंका। उग्रवादी जो हथगोले के टुकड़ों से घायल हो गया था, उसने मेजर कृष्णा मूर्ति बालासुब्रामण्यम पर गोली चलाने की कोशिश की। किन्तु, इससे पहले कि वह गोली चला पाता, मेजर कृष्णा मूर्ति बालासुब्रामण्यम ने उसे गोली मारकर वहीं ढेर कर दिया। बुरी तरह से जख्मी होने के कारण, मेजर कृष्णा मूर्ति बाला सुब्रमण्यम बाद में 12 अगस्त, 1996 को 0700 बजे अपने घातक घावों के फलस्वरूप वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार मेजर कृष्णा मूर्ति बालासुब्रामण्यम ने अपने प्राणों की आहुति देते हुए उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति उच्च कोटि के समर्पण भाव का परिचय दिया।

3. 4072221 राइफलमैन संजय साही 15 गढ़वाल राइफल्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 फरवरी, 1997)

05-06 फरवरी, 1997 को खास सूचना के मिलने पर नागालैंड के फेक जिला के जामई गांव में एक आपरेशन शुरू किया गया। राइफलमैन संजय साही कमांडिंग अफसर की क्विक रिएक्शन टीम के सदस्य थे।

05 फरवरी, 1997 को इस दस्ते ने प्रतिबंधित संगठन के एक अधिकारी के एक स्वयंभू सिविल प्रशासन अफसर को गिरफ्तार किया। भूमिगत से मौके पर पूछताछ करने से दस्ते को एक और भूमिगत का पता चला। तदनुसार यह दल जामई गांव में उस भूमिगत के घर की ओर चल पड़ा।

राइफलमैन संजय साही ने अपनी इच्छा से अपनी टीम का नेतृत्व किया और घर पर छापा मारा। दरवाजा खटखटाने पर, जब कोई जवाब नहीं आया तो उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। दरवाजा खुलते ही संजय साही पर अंदर से फायर किया गया और उसकी बाई बाजू पर गोली लगी। रात के अंधेरे में उसने देखा कि दो भूमिगत पिछले दरवाजे से निकल कर भाग रहे हैं।

अपने जख्मी होने की परवाह किए बिना राइफलमैन संजय साही ने उनका पीछा किया और अपने हथियार से फायर करके एक भूमिगत को वहीं उसी समय मार दिया। वह दूसरे भूमिगत की ओर झपटे ही थे कि वह पलटा और एक ए के 47 से गोलाबारी की। इस बार गोली लगने से राइफलमैन संजय साही गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर गए। फिर भी उसने अपने हथियार से गोलाबारी जारी रखी, जिसके कारण न तो भूमिगत उनका हथियार छीन सका और न ही उसके साथी हताहत हुए। अपने मिशन को पूरा करने के बाद इस बहादुर सिपाही ने 06 फरवरी, 1997 को 0330 बजे दम तोड़ दिया।

इस प्रकार राइफलमैन संजय साही ने भूमिगतों के साथ लड़ते हुए कर्तव्यपरायणता से बढ़कर अदम्य साहस, समर्पण भाव का परिचय दिया और सर्वोच्च बलिदान किया।

एस. के. शरीफ, राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 83-प्रेज/97—राष्ट्रपति शत्रु का मुकाबला करने में वीरतापूर्ण कार्यों के लिए निम्नलिखित कार्मिक को 'वीर चक्र' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं।

1. 2980642 नायक वेद प्रकाश, 15 राजपूत

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 अगस्त, 1996)

31 अगस्त, 1996 को सियाचिन ग्लेशियर के उत्तरी भाग में स्थित चौकी पर दुश्मन भारी गोलीबारी करने लगा। दुश्मन

की गोलाबारी जारी रहने के कारण उसके मोर्चे पर जवाबी कारगर फायर करना जरूरी हो गया । नायक वेद प्रकाश एक अफसर के साथ बाहर आए और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना खुले में पोजीशन लेकर 84 एम एम राकेट लांचर से दुश्मन की चौकी पर गोलाबारी करने लगे ।

इसके बाद नायक वेद प्रकाश गोला बारूद बंकर और फायरिंग पोजीशन के बीच घूमने लगे । जब वे तीसरी बार ऐसा कर रहे थे, तभी दुश्मन का एक गोला बंकर के काफी नजदीक फटा और उसकी एक किरच उनकी छाती पर लग गई । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने एक बार फिर जाने का प्रयास किया परन्तु गोला बारूद बंकर के पास एकाएक गिर गए और अंततः अपने जख्मों के कारण 2245 बजे वे वीरगति को प्राप्त हो गए ।

नायक वेद प्रकाश ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए शत्रु का मुकाबला करने में उच्चतम कोटि की वीरता और साहस का परिचय दिया और अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया ।

एस. के. शरीफ, राष्ट्रपति का सचिव

सं. 84-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :

1. फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप खजूरिया (20291) एयरोनाटिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रोनिक्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 मार्च, 1993)

फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप खजूरिया को सितम्बर, 1989 में भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त हुआ । आज कल ये वायु सेना की सिग्नल यूनिट में तैनात हैं ।

02 मार्च, 1993 की रात को, जब फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप खजूरिया जी सी ए में कार्यरत थे, ड्यूटी पर तैनात नियंत्रकों की बातचीत में इन्हें पता चला कि फ्लाइंग अफसर एसएस चौहान 20996 एफ पी द्वारा उड़ाया जा रहा वायुयान रनवे पर उतरते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया है । ये तुरन्त ही घटनास्थल के लिए चल पड़े । लगभग 10 मिनट में वे वहां पहुंच गए । वहां पहुंचने पर इन्होंने देखा कि विमान में लगी आग को बुझाया जा रहा था और पायलट अभी काकपिट में ही था और उसकी कैनोपी भी बंद थी । अपनी जान की परवाह किए बिना ये पायलट को बचाने के लिए कैनोपी की तरफ बढ़े । वहां खड़े हुए व्यक्ति भी जो कि अभी तक केवल किसी के साहसिक नेतृत्व की ही प्रतीक्षा कर रहे थे, आग में फंसने की परवाह किए बिना बेहोश पड़े पायलट को बचाने में लग गए । पायट को बचाने के तुरन्त बाद ही विमान की ईंधन टंकी फट गई ।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप खजूरिया ने अपनी जान जोखिम में डालकर और संकट के समय उचित नेतृत्व देकर एक व्यक्ति की जान बचाई ।

2. श्री पशुपति नाथ राय,
इलाहाबाद बैंक,
पटना (बिहार)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 जुलाई, 1995)

पटना के इलाहाबाद बैंक, मुख्य शाखा के एक ग्राहक मैसर्स पाटलीपुत्र ट्रेडिंग कार्पोरेशन प्रति सप्ताह 3/4 बार 2/3 लाख रुपए इस बैंक में जमा करते हैं । दिनांक 19-7-1995 को लगभग 10.25 बजे प्रातः कम्पनी का सेल्समैन मैटाडोर वेन से इस शाखा में आया । चार बदमाश, जो फार्म के सेल्समैन की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे कि वह अक्सर बैंक में बड़ी रकम जमा करने के लिए आता रहता है, सेल्समैन के इन्तजार में बैठे थे और जैसे ही वैन का पिछला दरवाजा खुला उनमें से तीन बदमाश हाथों में हथियार लिए सेल्समैन पर कूद पड़े । उनमें से एक अपराधी ने सेल्समैन पर गोली चलाई जिससे उनकी बाई आंख के पास का मांस छिल गया । इस बीच एक सशस्त्र अपराधी ने सेल्समैन से रुपयों वाला बैग खींच लिया और भाग गया ।

बैंक के एक क्लर्क व रोकड़िया श्री पशुपति नाथ राय जोकि उस समय शाखा के मुख्य प्रबंधक के पास थे, बाहर का शोर सुन कर तुरन्त बाहर निकले । क्षणिक भी इन्तजार किए बिना तथा अपने जीवन की तनिक भी परवाह किए बिना वे सशस्त्र बदमाशों के पीछे भागे । वस्तुतः निहत्थे होने के कारण वे उस बदमाश को रोक नहीं पाए । श्री पशुपति नाथ राय के निस्वार्थ और साहसिक कार्य से प्रेरित होकर कुछ पुलिसकर्मी और अन्य लोग भी उनके साथ हो लिए । श्री राय ने आखिर एक बदमाश को पकड़ लिया और उसके साथ भिड़ गए । इससे दूसरे बदमाश भी पकड़ में आ गए । चार बदमाशों में से दो पुलिस के साथ हुई आपसी गोलीबारी में मारे गए ।

श्री राय ने सशस्त्र डाकू को पकड़ने में अनुकरणीय साहस और वीरता का परिचय दिया ।

3. कैप्टन शांतनु नाग
(आई सी-44269),
3 राष्ट्रीय राइफल्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 मार्च, 1996)

12 मार्च, 1996 को 3 राष्ट्रीय राइफल्स के कैप्टन शांतनु नाग जब अपनी टीम के साथ जम्मू-कश्मीर के अनंत नाग जिले में स्थित अशाजीपुर गांव के एक घर की तलाशी ले रहे थे जब वे अचानक स्वचालित हथगोले से हो रही भारी गोलाबारी की चपेट में आ गए । उनके दल के दो प्रमुख सदस्य एकदम जख्मी हो गए । जब कैप्टन शांतनु नाग दोनों जख्मी कैजुअल्टियों को गोलाबारी वाले स्थान से तेजी से हटाने की कोशिश कर रहे थे तभी वे खुद बंदूक की गोली लगने से जख्मी हो गए ।

यह समझते हुए कि इन कैजुअल्टियों को तुरन्त निकालकर ले जाना जरूरी है, कैप्टन शांतनु नाग ने अपने दल के सदस्यों को आदेश दिया कि वे उस भवन से निकल जाएं । साथ ही वह

महसूस करते हुए कि उग्रवादियों को छोड़ देने से उन्हें और भी ज्यादा नुकसान पहुंचेगा, ऐसी अवस्था में अपनी टांग और जांघ के जख्मी होने के बावजूद उन्होंने नेतृत्व करने का निर्णय लिया। वे अपनी राइफल्स से छिपने के स्थान पर गोलाबारी करते हुए आगे बढ़े। उनकी अपनी गोलियां खत्म हो गईं तो उन्होंने अपनी बंदूक को फेंक दिया और निहत्थे ही आगे बढ़कर दो उग्रवादियों को दबोच कर पीछे की ओर गिरा दिया और इस प्रकार उन्होंने अपने जख्मी सलाथी दल को बचा लिया। ऐसा करते समय एक गोली उनकी बगल को चीरती हुई, छाती को पार कर गई। इस प्रकार उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया।

इस प्रकार कैप्टन शेलनू नाग ने अपने फर्ज से भी आगे बढ़कर असाधारण और साहस का प्रदर्शन करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करके अपने साथियों की प्राण रक्षा की।

4. 4057065 कम्पनी हवलदार मेजर ध्यान सिंह
3 राष्ट्रीय राइफल्स

(मरणोपरांत)

पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 मार्च 1996

12 मार्च, 1996 को 3 राष्ट्रीय राइफल्स के कम्पनी हवलदार मेजर ध्यान सिंह जम्मू और कश्मीर के जिला अनंत नाग स्थित अशाशपुर में खोजी दल के सदस्य थे।

घर की तलाशी लेते समय जब कम्पनी हवलदार मेजर ध्यान सिंह और एक अन्य रैंक एक कमरे में घुसे तो उन पर अचानक भारी गोलीबारी की गयी जिससे वे घायल हो गए। इनके कम्पनी कमांडर और प्लाटून कमांडर भी ज्वान को कमरे से बाहर निकालने की कोशिश में गोलियां लगने से घायल हो गए।

घायल कम्पनी हवलदार मेजर ध्यान सिंह अपनी राइफल से फायर करते हुए कमरे से बाहर निकल आए। उन्हें सुरक्षा क्रिलिंग से बाहर निकलने का आदेश दिया गया। उन्होंने अपने कम्पनी कमांडर को अपनी राइफल से फायर करते हुए कमरे में घुसते देखा। अपने कम्पनी कमांडर को अकेला कमरे के अंदर जाते देखकर, वे अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह किए बगैर अपने कम्पनी कमांडर के पीछे कमरे में घुस गए उसी क्षण एक उग्रवादी छूट गया और उसने उनके कम्पनी कमांडर पर गोली चला दी। कम्पनी हवलदार मेजर ध्यान सिंह गोलीबारी और अपने कम्पनी कमांडर के बीच कूद पड़े और गोलियों की बौछार को अपने शरीर पर झेल लिया और एक गोली उनकी रीढ़ की हड्डी में घुस गयी। उन्होंने एक ऐसे साथी के लिए अपना जीवन न्यौछावर किया जिसने उन्हें एक सच्चे सैनिक के गुणों का पाठ पढ़ाया था।

इस प्रकार कम्पनी हवलदार मेजर ध्यान सिंह ने अपने प्राण न्यौछावर करते हुए अपने साथी की जान बचाने में वीरता और साहस का प्रदर्शन किया।

5. श्री पारसी जगन,
स्टेट बैंक,
वेन्नल (आंध्र प्रदेश)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 मई, 1996)

6 मई, 1996 को आंध्र प्रदेश के निजामाबाद जिले के स्टेट बैंक आफ हैदराबाद की वेन्नल "बी" शाखा में एक सशस्त्र डकैती हुई। ग्राहकों के बैंक से चले जाने के बाद दिन में लगभग 2.40 बजे पिस्तौलों और चाकू से लैस तीन व्यक्तियों ने बैंक के अहाते में मोर्चा संभाल लिया। एक बदमाश प्रधान रोकड़िया को धमकी देता हुआ नगदी काउंटर के सामने खड़ा हो गया। जबकि दूसरा व्यक्ति पिस्तौल लिए हुए शाखा प्रबन्धक के पास खड़ा हो गया और तीसरा व्यक्ति दफ्तरी की ओर चाकू निकाल कर बैंकिंग हाल के विकेट गेट के पास खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि वे नक्सलवादियों के भीमगल दालान से हैं। शाखा प्रबंधक श्री पी जगन ने उन व्यक्तियों से कहा कि वे अपना विरोध स्कोल बुक में दर्ज कर दें और जनता के धन को न लूटें। बदमाश इस बात से सहमत नहीं हुए। एक व्यक्ति रोकड़ काउन्टर के सामने आया और शाखा प्रबंधक पर नजर रखते हुए दूसरे व्यक्ति को रोकड़ इकठ्ठा करने का अवसर दिया। उन्होंने लगभग 1.67 लाख रुपए इकठ्ठे कर लिए और अपने साथ लाए बैग में भर लिए। उन्होंने डराने के लिए दो गोलियां चलाईं जिसमें से एक शाखा प्रबंधक को निशाना बनाते हुए तथा दूसरी गोली शाखा स्टाफ को दूर रखने के लिए हवा में चलाई गई थी। जैसा ही वे अपराधी कुछ देर के लिए रुके श्री जगन कूदे और एक अपराधी की गर्दन पकड़ ली जिससे रोकड़ वाला बैग उसके हाथ से छूट गया। यह देख कर अन्य दो बदमाश अपने उस साथी को बचाने के लिए आए जिसके हाथ से बैग छूट गया था। इस हाथापाई में नगदी वाला बैग फट गया और उसमें से कुछ नगदी जमीन पर गिर गई। इसी समय मुख्य रोकड़िया और दफ्तरी शाखा प्रबंधक की सहायता के लिए दौड़े तथा गिरे हुए रुपयों को उठाकर रोकड़ केबिन में डाल दिया। शाखा स्टाफ का शोर सुनकर सड़क पर जा रहे ग्रामवासी बैंक की ओर दौड़े। उस समय तक दो अपराधी शाखा के अहाते के बाहर खड़ी कार में भाग चुके थे। एक व्यक्ति पकड़ लिया गया। उसे काबू में करके एक कमरे में धकेल दिया गया। बाद में पुलिस ने शेष दो अपराधियों को भी पकड़ लिया। सारा रोकड़ बचा लिया गया।

श्री पारसी जगन ने सशस्त्र डाकुओं पर काबू पाने में असाधारण बीरता, दृढ़ निश्चय, सूझबूझ और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

6. श्री के. दत्तात्रेय शेट्टी,
सिंडिकेट बैंक,
नरेन्द्र (कर्नाटक)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 जून, 1996)

8 जून, 1996 को सिंडिकेट बैंक की नरेन्द्र शाखा में डाका डालने का प्रयास किया गया। डाका डालने के इस प्रयास को शाखा प्रबंधक श्री के. दत्तात्रेय शेट्टी और सब-स्टाफ सदस्य श्री यशवंत डोंडामानी ने विफल कर दिया।

पिस्तौलों से लैस दो डाकू दिन के लगभग 11.30 बजे बैंक में घुसे। एक सशस्त्र डाकू ने अपनी पिस्तौल शाखा प्रबंधक श्री शेट्टी पर तान दी और रोकड़ उसके हवाले करने को कहा। दूसरे डाकू ने स्टाफ के सदस्यों और ग्राहकों की ओर अपनी

पिस्तौल तानते हुए उन्हें बाहर जाने का आदेश दिया । जब ग्राहक बाहर भागने लगे तभी शाखा प्रबंधक की ओर पिस्तौल ताने खड़े डाकू ने उन पर गोली चला दी । सौभाग्यवश गोली नहीं चली । इसका फायदा उठाते हुए श्री शेट्टी उस डाकू पर झपट पड़े और उसे दबोचकर निष्क्रिय कर दिया । उस समय शाखा के सब-स्टाफ श्री डांडामानी दूसरे डाकू के पीछे खड़े थे । जैसे ही उन्होंने देखा कि श्री शेट्टी पहले डाकू के साथ भिड़ गए हैं उन्होंने स्टूल उठाकर दूसरे डाकू पर फेंका । स्टूल लगने के बाद दूसरे डाकू का संतुलन बिगड़ गया और वह भी श्री डांडामानी और अन्यों के द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया । स्टाफ के सदस्यों और ग्राहकों ने दोनों डाकुओं को काबू में कर लिया और उन्हें पुलिस को सौंप दिया ।

श्री दत्तात्रेय शेट्टी ने वीरता, सूझबूझ और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया तथा अपनी जान की परवाह न करते हुए डकैती के प्रयास को विफल कर दिया ।

7. श्री यशवंत डांडामानी,
सिंडिकेट बैंक,
नरेन्द्र (कर्नाटक)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 जून, 1996)

8 जून, 1996 को सिंडिकेट बैंक की नरेन्द्र शाखा में डाका डालने का प्रयास किया गया । डाका डालने के इस प्रयास को शाखा प्रबंधक के दत्तात्रेय शेट्टी और सब-स्टाफ सदस्य श्री यशवंत डांडामानी ने विफल कर दिया ।

पिस्तौलों से लैस दो डाकू प्रातः लगभग 11.30 बजे बैंक में घुसे । एक सशस्त्र डाकू ने शाखा प्रबंधक श्री शेट्टी को अपनी पिस्तौल का निशाना बनाते हुए रोकड़ उसे सौंप देने को कहा । दूसरे डाकू ने स्टाफ के सदस्यों और ग्राहकों को अपनी पिस्तौल का निशाना बनाते हुए उन्हें बाहर जाने का आदेश दिया । ग्राहक जब बाहर की ओर भागने लगे तो पहले डाकू ने, जो शाखा प्रबंधक को अपनी पिस्तौल का निशाना बनाए हुए थे, ने उन पर गोली चला दी । सौभाग्यवश यह गोली निशाने पर नहीं लगी । इसका फायदा उठाते हुए श्री शेट्टी उस डाकू पर झपटे, उससे उलझ पड़े और उसे धराशायी कर दिया । उस समय शाखा के सब-स्टाफ के सदस्य श्री डांडामानी दूसरे डाकू के पीछे खड़े थे । जैसी ही उन्होंने देखा कि श्री शेट्टी पहले डाकू के साथ भिड़ गए हैं उन्होंने स्टूल उठाकर दूसरे डाकू पर फेंका । स्टूल लगने के बाद दूसरे डाकू का संतुलन भी खो गया और वह भी श्री डांडामानी और अन्यों के द्वारा धराशायी हो गया । स्टाफ के सदस्यों और ग्राहकों ने दोनों डाकुओं को नियंत्रण में कर लिया और उन्हें पुलिस को सौंप दिया ।

श्री डांडामानी ने प्रतिकूल परिस्थितियों में सूझबूझ और साहस का परिचय दिया तथा वे दूसरे डाकू को निहत्था करने में सहायक हुए अन्यथा वह स्टाफ के सदस्यों और ग्राहकों पर गोली चला कर उनकी जान खतरे में डाल सकता था ।

8. मेजर जयंत कुमार तिवारी
(आई सी-40882)
1/5 गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 जुलाई, 1996)

31 जुलाई, 1996 को उग्रवादियों के छिपने के बारे में सूचना मिली । रोक दल को अवस्थित करने के बाद, मेजर जयन्त कुमार तिवारी के नेतृत्व में जम्मू व कश्मीर क्षेत्र की वाटनर गली में 0430 बजे तलाशी शुरू की की गई ।

0700 बजे अग्र पंक्ति के स्काउट ने 5-6 उग्रवादियों को देखा । कम्पनी कमांडर द्वारा कार्य सौंपने के बाद एक अन्य रैंक ने गोलाबारी शुरू की जिसके कारण दो उग्रवादी मारे गए और अन्य भाग निकले ।

खोजा पीछा करने के बाद, मेजर जयन्त कुमार तिवारी ने एक विदेशी उग्रवादी को मार गिराया और इस प्रक्रिया के दौरान उनकी बायीं भुजा पर ए के 47 राइफल की गोलियां लग गईं । इसी बीच एक अन्य रैंक ने उग्रवादियों का ध्यान बंटाने के लिए उन्हें उलझाए रखा । गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद मेजर जयंत कुमार तिवारी ने चौथे उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे मार गिराया । मेजर जयंत कुमार तिवारी ने अपनी गम्भीर चोट की परवाह किए बिना तथा भारी गोलीबारी के बीच अपने दल को सफलतापूर्वक कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित किया जिसके परिणाम-स्वरूप चार उग्रवादी मारे गए तथा भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस प्रकार मेजर जयन्त कुमार तिवारी ने उच्चकोटि की असाधारण वीरता और साहस का परिचय दिया ।

9. 14694721 नायक/चालक प्लान्ट मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट विदेशी सिंह
सीमा सड़क संगठन ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 2 अगस्त, 1996)

एक परियोजना के नायक/चालक प्लान्ट मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट विदेशी सिंह को त्रिपुरा में खोवाई में सड़क पर सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात किया गया था ।

दिनांक 02 अगस्त, 1996 को 0730 बजे सहायक अभियंता श्री. एस. चौगले, जबकि 1,41,500 रुपए भुगतान के लिए लेकर जा रहे थे, के साथ तैनात किया गया था । लगभग 12.30 बजे जब उनका दल सड़क के एक मोड़ पर पहुंचा तो उन्होंने देखा कि सड़क पर पत्थर डालकर बन्द की हुई है । श्री चौगले अपने चालक के साथ उन पत्थरों को हटाने के लिए वाहन से नीचे उतरे । वे छोटे हथियारों से की जा रही भारी गोली-बारी के मध्य घिर गए तथा दोनों घायल हो गए । जैसे ही उन्होंने रुन्दक चलने की आवाज सुनी तथा अधिकारी और सहायक को भूमि पर घायल अवस्था में देखा, वैसे ही नायक विदेशी सिंह वाहन में कूद पड़े । अपनी जान की परवाह न करते हुए

उन्होंने 6 आतंकवादियों पर धावा बोला और गोलीबारी शुरू की जिसमें एक आतंकवादी घायल हुआ। इसके बाद दोनों ओर से हुई गोलीबारी में उन्होंने आतंकवादियों को साहस और निडरता के साथ खदेड़ दिया और वे लोग एक देशी तमंचा छोड़कर भाग गए।

इस प्रकार, नायक डी. पी. एम. टी. विशंभी सिंह ने अदम्य साहस, असाधारण वीरता, सूझ-बूझ और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कतई परवाह न करते हुए उन्होंने जानमाल तथा सरकारी धन को बचाया।

10. 14486426 नायक जंगबीर सिंह,
5 डिटैचमेंट/ई. सी. संपर्क यूनिट।
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 अगस्त, 1996)

इनफैंट्री कोर के नायक जंगबीर सिंह को असम में बारपेटा के भरभसला गांव के अंदर और उसके आसपास कुख्यात उल्फा संगठन की गतिविधियों से संबंधित व्यवहार्य आसूचना प्राप्त करने का कार्य सौंपा गया था। नायक जंगबीर सिंह के साथ एक प्रहार करने वाली टीम लगाई गई थी कि वह प्राप्त हुई आसूचना पर जवाबी कार्रवाई कर सके।

नायक जंगबीर सिंह को अपने सूचना देने वालों के जरिए पता चला कि एक लिंकमैन और उल्फा संगठन के कई सदस्य वहां मौजूद हैं। 19/20 अगस्त, 1996 की रात प्रहार करने वाली टीम ने उन तीन घरों के समूह पर छापा मारने की योजना बनाई जो छिपने के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे बताए गए थे।

जैसे ही टीम ने घरों के समूह को चारों ओर से घेरा, नायक जंगबीर सिंह ने अपनी इच्छा से एक रुख टीम का नेतृत्व किया। जैसे ही वे घरों के नजदीक पहुंचे वहां से टीम पर दोनों तरफ से गोलीबारी की गई। घेरे में आए टीम के लीडर और नायक जंगबीर सिंह ने घात की जवाबी कार्रवाई के तौर पर फौरन गोलाबारी शुरू कर दी।

जवाबी गोलीबारी करते हुए नायक जंगबीर सिंह फायर के धमाके में हताहत हो गए। हालांकि वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे लेकिन वे अपनी टीम के लीडर के साथ-साथ, लेन के परले सिरे तक रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे और तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक वे 20 अगस्त, 1996 को अपने जख्मों के कारण वीरगति को प्राप्त न हो गए। नायक जंगबीर सिंह द्वारा लेन के परले सिरे तक जाने से आतंकवादियों की हिम्मत टूट गई और उन्हें अपने छिपने का स्थान छोड़ कर भागना पड़ा।

इस प्रकार, नायक जंगबीर सिंह ने पराक्रम के वीरोचित कार्य, अदम्य इच्छाशक्ति और कुख्यात उल्फा संगठन के विरुद्ध लड़ते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की कतई परवाह न करने का परिचय दिया।

11. दशरथ,
एल. एस. सी. डी. II
17380 डी।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अगस्त, 1996)

दशरथ, एल. एस. सी. डी. 2 वूलर झील में संक्रिया रक्षक के लिए जम्मू-कश्मीर में तैनात किए गए डिटैचमेंट के सदस्य थे।

22 अगस्त, 1996 को गांव तलामुल्ला में छिपे कश्मीरी उग्रवादियों को पकड़ने के लिए 13 आर आर बटालियन के साथ संयुक्त रूप से घेराबंदी और तलाशी कार्रवाई करने के दौरान 13 आर आर बटालियन के सैन्य दलों पर उग्रवादियों ने अचानक भारी गोलाबारी शुरू कर दी। मौजूदा सामरिक परिस्थिति की नजाकत को पहचानते हुए लेफ्टिनेन्ट गौरीनन्दन सदाशिव मालकर ने झील के सामने से उग्रवादियों पर हमला करने के लिए आक्रमण का दूसरा गलियारा खोलने के लिए अपने सैन्य दल को तुरन्त आगे बढ़ने को कहा इस स्थिति में दशरथ एल एस डी दल के एल एम जी मैन थे, ने उग्रवादियों पर भारी गोलाबारी की और सामरिक महत्व के उस ठिकाने को छीन लिया जिसका उग्रवादी अब तक फायदा उठा रहे थे। आपरेशन के दौरान एक खूंखार उग्रवादी मारा गया था।

एक बार हमारे सैन्य दलों द्वारा सामरिक फायदा उठा लेने पर यह टीम उस क्षेत्र से भागने वाले उग्रवादियों पर घात लगाने के लिए दलदल के अंदर काफी आगे तक गई और वहां पर विकट परिस्थितियों में चार घंटे तक इंतजार किया। लगभग 06.45 बजे झील के दलदल से बचते हुए भागता हुआ एक उग्रवादी नजर आया। दशरथ, एल एस ने अपनी टीम के लीडर के साथ फौरन उग्रवादी को घेरा और उसको जीवित पकड़ने की कोशिश की। उग्रवादी ने छद्म भेष धारण कर रखा था और जैसे ही उसने बचकर निकलने की चेष्टा की तो दशरथ, एल एस ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी चिंता किए बिना उग्रवादी पर झपट पड़े और उसको पकड़ लिया। उग्रवादियों का सामना करने में उन्होंने असाधारण साहस, दृढ़ इच्छा शक्ति और सूझबूझ का परिचय दिया।

12. फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप जैन (19534),
उड़ान (पायलट)।
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 26 अगस्त, 1996)

फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप जैन, उड़ान पायलट 10 दिसम्बर, 1994 से हैलिकाप्टर यूनिट में तैनात किए गए थे। वे भारतीय वायुसेना के एक अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ अफसर थे।

अगस्त, 1996 के महीने में फ्लाइट लेफ्टिनेंट संदीप जैन को आपरेशन मेघदूत क्षेत्र में हवाई अनुरक्षण के लिए तैनात किया गया था। इस दौरान, दुश्मन ने अपनी सेनाएं दक्षिणी ग्लेशियर

क्षेत्र में दुबारा तैनात कर दी थीं और कमान पोजिशनों पर अपने नए बंकर स्थापित कर लिए थे जिससे भारतीय सेना की चौकियों के लिए प्रत्यक्ष खतरा पैदा हो गया था । अपनी चौकियों तक पहुंचना भी हमारे लिए बहुत कठिन हो गया था क्योंकि हेलिकाप्टरों द्वारा जिस मार्ग से चौकियों तक पहुंचा जाता था वहां दुश्मन लगातार नजर रख रहा था । यह बात बहुत चिंताजनक थी क्योंकि इन परिस्थितियों में हमारी चौकियों को वायु रक्षा भी प्राप्त नहीं हो पा रही थी । अपनी सेनाओं को वहां से हटा देना भी राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं समझा गया ।

इसलिए, यह निर्णय लिया गया कि होशियार क्षेत्र की महत्वपूर्ण चौकी की रक्षा के लिए कुछ समर्पित हवाई अनुरक्षी सार्टियां वहां भेजी जाएं। फ्लाइट लैफ्टिनेन्ट संदीप जैन को इन विशेष मिशनों का कैप्टन नियुक्त किया गया । उन्हें इस बात की पूरी जानकारी भी दी गई थी कि इस मिशन में कितना जोखिम है । किन्तु किसी भी जोखिम की परवाह किए बिना फ्लाइट लैफ्टिनेंट संदीप जैन के कमानाधीन कर्तव्यनिष्ठ कर्मीदल ने बड़ी बहादुरी और समझदारी से इस चुनौतीपूर्ण कार्य का बीड़ा उठाया । ऐसे दो मिशन दुश्मन द्वारा बाधाएं डालने के बावजूद पूरी तरह सफल हुए । किन्तु 26 अगस्त, 1996 को तीसरी सार्टी के दौरान सामान गिराने के बाद हमारे हेलिकाप्टर को दुश्मन की थल सेनाओं ने घेर लिया, जिसमें फ्लाइट लैफ्टिनेंट संदीप जैन और उनका कर्मीदल मारा गया ।

फ्लाइट लैफ्टिनेंट संदीप जैन ने दुश्मन के खतरे को जानते हुए भी इस कठिन कार्य का बीड़ा उठाया और अपने अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए राष्ट्र के हित में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान कर दिया ।

13. 9415627 हवलदार किशोर राई,
6/11 गोरखा राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 सितम्बर, 1996)

03 सितम्बर, 1996 को लगभग 14.00 बजे हवलदार किशोर राई जम्मू और कश्मीर के पीर पंजाल रेंज (उच्च लुंगाहा क्षेत्र) में नियंत्रण रेखा के अपनी तरफ वाले हिस्से में स्थित गहरे नाले से गुजर रहे तलाशी/क्षेत्रीय गश्ती दल की अगुवाई कर रहे थे ।

रोशनी बहुत कम थी । सीधे कटाव के नजदीक नाले की तलाशी लेते हुए गश्ती दल की मुठभेड़ अचानक पूरी तरह से शस्त्रों से लैस उग्रवादियों से हो गई । तुरन्त दोनों तरफ से भारी गोलीबारी होने लगी । राष्ट्रविरोधी तत्वों ने गोलीबारी शुरू कर दी । दोनों तरफ से लगातार हो रही भारी गोलीबारी के दौरान अगले स्काउट के पेट में बंदूक की गोली से चोटें लगीं । एक सैनिक के हताहत होने के बावजूद हवलदार किशोर राई ने उग्रवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई जारी रखी । 17.00 बजे तक हवलदार किशोर राई की गश्ती दल की कार्रवाई के कारण उग्रवादी काफी दबाव में आ गए थे और वे पीछे घने जंगल में भाग निकले ।

इस बीच हवलदार किशोर राई की कवर गोलीबारी में दल को नजदीक जाने के आदेश दिए गए ।

दल शीघ्र ही उग्रवादियों की अचूक गोलाबारी से घिर गया तथा निकट नहीं पहुंच पाया अंधेरा हो रहा था और हवलदार किशोर राई ने यह महसूस करते हुए कि उग्रवादी अंधेरे में, घने जंगल में से भागने का प्रयास करेंगे, बचे हुए गश्ती दल को उग्रवादियों को उलझाए रखने के आदेश दिए और स्वयं गहन गोलीबारी के बीच में रेंगते हुए तथा अत्यंत उबड़-खाबड़ क्षेत्र से गुजरते हुए उग्रवादियों के नजदीक पहुंच गए । इन्होंने उन तीन उग्रवादियों का सिर काट दिया जो दल को आगे बढ़ने से रोक रहे थे । हवलदार किशोर राई की इस साहसिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप लगभग पांच घंटे चली गोलीबारी में अंततः सात खूंखार उग्रवादियों को मार गिरा दिया गया ।

इस प्रकार हवलदार किशोर राई ने उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में असाधारण शौर्य और उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन किया ।

14. लैफ्टिनेन्ट कर्नल बचित्तर सिंह (आई सी-37392)
35 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 सितम्बर, 1996)

29 सितम्बर, 1996 को जम्मू व कश्मीर के बडगांव जिले के बुगरगांव में एक खोजी मुठभेड़ मुठभेड़ संक्रिया संचालित की गई थी । पंजाब रेजिमेन्ट के लैफ्टिनेन्ट कर्नल बचित्तर सिंह इस संक्रिया का निर्देशन कर रहे थे ।

लगभग 0830 बजे लैफ्टिनेन्ट कर्नल बचित्तर सिंह ने दो उग्रवादियों को मकान के निकट एक गड्ढे में छिपे देखा । उग्रवादियों ने, यह जान कर कि उन्हें देख लिया गया है, भारी गोलाबारी शुरू कर दी और उन्होंने जंगल की आड़ लेकर भागने की कोशिश की । लैफ्टिनेन्ट कर्नल बचित्तर सिंह उग्रवादियों के इरादों को भांपते हुए तेजी से उनकी ओर पहुंचे तथा एक उग्रवादी को मौत के घाट उतार दिया परन्तु वे स्वयं भी गंभीर रूप से घायल हो गए ।

उस अफसर ने अपने घाव की जरा भी परवाह न करते हुए जूनियर कमीशन अफसर को पुनः तैनाती तथा तीसरे उग्रवादी को घेरने के आदेश दिए और खुद रेंगते हुए आगे बढ़े तथा पैंतरा बदल कर दूसरे उग्रवादी को मार गिराया । इस संक्रिया से तीन विदेशी और एक स्थानीय उग्रवादी मारे गए । बाद में लैफ्टिनेंट कर्नल बचित्तर सिंह की घावों के कारण मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार लैफ्टिनेंट कर्नल बचित्तर सिंह ने अप्रतिम पराक्रम व वीरता का परिचय दिया और भारतीय सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप उच्चतम बलिदान किया ।

15. 2669395 हवलदार जसकरन सिंह, 9 ग्रेनेडियर
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 सितम्बर, 1996)

27 सितम्बर, 96 को हवलदार जसकरन सिंह, जम्मू और कश्मीर के बारामूला जिले के फेरोजपुर क्षेत्र में स्थित धान के खेतों में घेराबंदी कार्यवाई का सर्वाधिक संवेदनशील भाग आच्छादित करने के लिए जिम्मेदार थे। दो आतंकवादी कमांडर जिन्हें बलाल फेरोजपुर में रोके रखा गया था, रात को धान के खेतों में इस आशा से घुस आए थे कि घने खेतों का फायदा उठाते हुए वे भाग निकलेंगे।

खेतों की तलाशी ली जा रही है, यह देखकर आतंकवादी ने हवलदार जसकरन सिंह पर गोलीबारी शुरू कर दी तथा प्रारंभिक गोलीबारी में ही वे घायल हो गए। अपने घाव की परवाह न करते हुए हवलदार जसकरन सिंह ने बड़ी फुर्ती से अपना स्थान बदलते हुए, बड़े ही कारगर ढंग से आतंकवादियों के भागने का रास्ता रोक लिया और अगले आतंकवादी पर फायर कर, उसे मार गिराया।

आतंकवादी ने दूसरी बार बहुत ही नजदीक से हवलदार जसकरन सिंह पर गोलियों की बौछार कर उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाई और बच निकलने के लिए मेंड के पीछे कूद गया। हवलदार जसकरन सिंह कठिन प्रयास से जोर लगा कर मेंड पर आ धमके और भागते हुए आतंकवादी को जिसकी बहुत ही ज्यादा तलाश थी, मार गिराया।

हवलदार जसकरन सिंह ने अकेले ही आतंकवादी संगठन को अक्षम कर दिया। बाद में 27-9-1997 को चोटों की वजह से वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस प्रकार हवलदार जसकरन सिंह ने अपने जीवन का बलिदान देकर साहस, कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य उत्साह का परिचय दिया।

16. जेसी-468232 नायब सूबेदार जया राजन,
21 राजपूताना राइफल्स
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 3-10-1996)

ठोस आसूचना के आधार पर 3-4 अक्तूबर, 96 की रात्रि को निलनाथ फार्म मणिपुर के संगाथल गांव में विद्रोहियों को पकड़ने/निष्प्रभावी करने के लिए एक आपरेशन संचालित किया गया। नायब सूबेदार जया राजन को [illegible] एक दस्ते में शामिल थी।

निलनाथ फार्म गांव में 2320 बजे पहुंचने पर पता लगा कि विद्रोही गांव में छिपे हुए हैं। गांव का एक निवासी दस्ते को मार्गदर्शन के लिए सहमत हो गया। कमांडिंग अफसर के आदेश पर नायब सूबेदार जया राजन ने उन मकानों को घेर लिया। भारी वर्षा के कारण फिसलती जमीन और नीचे गहरे, तेजी से बह रहे नाले के कारण दक्षिण की ओर से आगे बढ़ना बहुत मुश्किल कार्य था। जे सी ओ ने घेरा डालने के लिए स्वयं अपने साथियों का नेतृत्व किया और इसके लिए उन्हें उस मकान के पास से गुजरना पड़ा जहां विद्रोही छिपे हुए हैं।

सुरक्षा सेनाओं की उपस्थिति को भांप कर विद्रोहियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप नायब सूबेदार जया राजन घायल हो गए। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना वे रेंगते हुए खिड़की के पास पहुंचे और एक विद्रोही को मार गिराया। नायब सूबेदार जया राजन ने फायरिंग करना जारी रखा और अपने साथियों को निर्देश देना जारी रखा तथा कमांडिंग अफसर से अंततः अपनी जगह छोड़ने का आदेश मिलने तक, वह वहां डटे रहे। इस कार्यवाई के दौरान उनके सहायक कार्य में लगी चोटों के परिणामस्वरूप 04 अक्तूबर, 96 को वे अंततः वीरगति को प्राप्त हुए।

इस प्रकार नायब सूबेदार जया राजन ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए असाधारण वीरता, सर्वोच्च नेतृत्व गुणों तथा कर्तव्य के प्रति समर्पण भाव का परिचय दिया तथा अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

17. 4467910 सिपाही सुरजीत सिंह
19 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 11-10-1996)

11 अक्तूबर, 1996 को 19 राष्ट्रीय राइफल्स ने जम्मू व कश्मीर के हपरउवा के वागस गांव में घेराबंदी और तलाशी संक्रिया चलाई। सिपाही सुरजीत सिंह इस अभियान में लाइट मशीन गन नं. 2 के तौर पर बाहरी घेरे का एक हिस्सा थे।

प्रातः 0400 बजे घेरा डाला गया और 0630 बजे तलाशी शुरू की गई। तीन विदेशी उग्रवादियों के एक ग्रुप ने नाले में से बचकर भागने की कोशिश की। विदेशी उग्रवादियों पर 'स्टाफ पार्टी' ने फायर खोल दिया। विदेशी उग्रवादियों ने भी बदले में भारी गोलाबारी की।

सिपाही सुरजीत सिंह अपनी जान की बिलकुल परवाह न करते हुए बगल से गए रेंगते हुए आगे बढ़े और एक विदेशी उग्रवादी को मार डाला। दूसरे विदेशी उग्रवादी ने सिपाही सुरजीत सिंह पर यूनिवर्सल मशीन गन से गोलियों की बौछार कर दी जिससे वे उदर के ऊपर भाग और पेट के बाईं तरफ बहुत सी गोलियों के घाव लगने से जख्मी हो गए। सिपाही सुरजीत सिंह गिर गए परन्तु गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद उन्होंने दूसरे विदेशी उग्रवादी को मार डाला।

इस प्रकार सिपाही सुरजीत सिंह ने अनुकरणीय साहस, उच्च-कोटि की वीरता व दृढ़ निश्चयता और असाधारण रूप से इस संक्रिया को निष्पादित किया।

18. मेजर चन्द्र शेखर मिश्रा (आई सी 43848), 34, राष्ट्रीय राइफल्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 दिसम्बर 1996)

06 दिसम्बर, 96 को, मेजर चन्द्र शेखर मिश्रा, जम्मू कश्मीर, श्रीनगर के बड़गांव जिले के गांव में भाड़े के विदेशी सैनिकों के बीच एक तीव्र मुठभेड़ के बीच घिर गई अपनी कम्पनी की एक गश्त टुकड़ी की सहायता के लिए वेगपूर्वक आगे बढ़े ।

अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए, उग्रवादियों की भारी गोलाबारी के बीच यह अफसर उग्रवादियों के नजदीक पहुंच गए । वह अपने व्यक्तियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने हुए थे । उनके नेतृत्व और सामरिक कुशाग्रता के कारण उनकी कम्पनी ने तीन विदेशी भाड़े के सिपाहियों को मार गिराया ।

चौथा भाड़े का सिपाही, एक नाले में घुस गया और फौजों पर अचूक गोलाबारी करने लगा जिसकी वजह से हताहतों की संख्या बढ़ने लगी । मेजर चन्द्र शेखर मिश्रा ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उग्रवादी के निकट जाकर फायर किया, जिसने पलट कर फायर करते हुए उन्हें घायल कर दिया । अपने घाव की परवाह न करते हुए वे अपने घुटनों के बल उठे और उग्रवादी पर फायर करते हुए उसे मार गिराया । परन्तु उग्रवादी की तरफ से चलने वाली अंतिम गोली मेजर चन्द्र शेखर मिश्रा के सिर पर लगी और जिसके परिणामस्वरूप वह 06 दिसम्बर, 96 को वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस प्रकार मेजर चन्द्र शेखर मिश्रा ने असाधारण वीरता, उच्च-कोटि के नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और आत्म-बलिदान की भावना का परिचय दिया ।

19. मेजर मनोज श्रीकांत कारखानिस (आई सी-43431), 5 जम्मू व कश्मीर राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 दिसम्बर, 1996)

13/14 दिसम्बर, 1996 की रात को 5 जे एंड के राइफल्स के मेजर मनोज श्रीकांत कारखानिस नागालैंड के जोतसोमा गांव में भूमिगत छिपने के ठिकानों के विरुद्ध चलाई जा रही संक्रिया के दूसरे दस्ते के प्रभारी थे । इनके नेतृत्व में जा रहा दस्ता छिपने के ठिकाने के नजदीक पहुंचा और वहां पर तैनात भूमिगतों के संतरी को काबू में कर उसे मार गिराया ।

एक बार जब दोनों ओर से गोलाबारी शुरू हुई तो यह अफसर आगे के कमरों में से एक कमरे में गया, दरवाजे को धक्का मार कर खोला और भूमिगत उग्रवादियों को ललकारा । नीचे छिपे एक उग्रवादी ने इन पर गोली चलायी जो मेजर मनोज श्रीकांत कारखानिस की बुलेट प्रूफ जैकेट को छूकर निकल गई और गोलियों के टुकड़ों से इनका चेहरा जख्मी हो गया । अफसर ने अपने घावों की परवाह न करते हुए अपनी ए के-47 राइफल्स से जवाबी गोली चलायी और भूमि के नीचे छिपे दो उग्रवादियों को वहीं मार गिराया । उसके बाद इन्होंने 'हट' जिसमें कि सात कमरे थे, को खाली करवाने के लिए अपने दस्ते को संगठित किया । इस संक्रिया के परिणामस्वरूप एन एस सी एन (के) अंगामी क्षेत्र के अस्थाई मुख्यालयों को विध्वंस कर आठ भूमिगत उग्रवादियों को मार गिराया गया तथा शस्त्र, बड़ी मात्रा में गोली-बारूद, नकदी, मोटर साइकिल और आपत्तिजनक दस्तावेजों को बरामद किया गया ।

इस संक्रिया में मेजर मनोज श्रीकांत कारखानिस ने आगे रहकर इस प्रकार अपने दस्ते का नेतृत्व किया जिससे कि पांच दुर्दान्त भूमिगत उग्रवादी मारे गए और सुनियंत्रित ढंग से की गई भारी गोलीबारी में सिविलियनों की जान और माल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा ।

इस प्रकार मेजर मनोज श्रीकांत कारखानिस ने असाधारण वीरता, अदम्य साहस और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया ।

20. जी एस-127660 - ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर, डमर बहादुर

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 मार्च, 1997)

हिमांक परियोजना, के ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर डमर बहादुर, को उनके डोजर के साथ विश्व के दूसरे नम्बर के ऊंचे मोटर दर्रे रुमत्से - ताशलांगला में ग्रीष्म काल के लिए बर्फ हटाने के कार्य पर तैनात किया गया था ।

उन्होंने यह कार्य अपनी स्वेच्छा से स्वीकार किया था जोकि एक अत्यधिक जोखिमपूर्ण कार्य था । ग्रीष्म काल के लिए बर्फ हटाने का कार्य जल्दी ही आरंभ हो गया था और डमर बहादुर बर्फ की एक मोटी दीवार के मध्य से रास्ता निकालना चाहता था जो कि उस स्थान पर लगभग 30 से 40 फुट तक ऊंची थी । दिनांक 21 मार्च, 1997 को जब वह इस कार्य पर लगे हुए थे तभी सड़क की एक रिटेनिंग वाल टूटने लगी । डोजर घाटी की ओर गिरने लगा, यद्यपि उनका जीवन खतरे में था फिर भी वह डोजर को बचाने के लिए विभिन्न युक्तियों से प्रयास करने लगे । सभी मौजूद कर्मधारी उनके डोजर से कूदकर बाहर आने के लिए चिल्लाने लगे परन्तु उन्होंने अपने डोजर को नहीं छोड़ा । डोजर घाटी में गिर पड़ा तथा वह उसके नीचे कुचले गए ।

ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर डमर बहादुर ने अदम्य साहस का परिचय दिया और अपने जीवन का बलिदान देकर सरकार के एक बहुमूल्य उपस्कर को बचाने के लिए अनुकरणीय प्रयास किए ।

एस. के. शरीफ, राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 85-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अफसर को उसके साहसपूर्ण कार्य के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल का बार" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टन सुनील श्योराण
(आई सी-51474),
सेना मेडल,
3 पैराशूट रेजिमेन्ट

एस के. शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 86-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अफसरों/कार्मिकों को उनके साहसपूर्ण कार्य के लिए "सेना मेडल/आर्मी मेडल" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लैफ्टिनेन्ट कर्नल नौनाविनाकेरे सिद्धलिंगप्पा योगेश
(आई सी-35708)
6 राष्ट्रीय राइफल्स
(मरणोपरान्त)

2. लैफ्टिनेन्ट कर्नल विजय बहादुर सिंह
(आई सी-34891),
9 राष्ट्रीय राइफल्स

3. लैफ्टिनेन्ट कर्नल हितेन्द्र बहादुर
(आई सी-37294),
12 सिख लाइट इन्फैन्ट्री

4. मेजर विवेक लाल
(आई सी-49955),
20 राजपूताना राइफल्स

5. मेजर संजीव विनायक
((आई सी-46691),
9 असम रेजिमेन्ट

6. मेजर परमजीत सिंह वर्मा
(आई सी-42479),
जम्मू और कश्मीर राइफल्स

7. मेजर एस रामकुमार
(एस एस-35684),
15 गढ़वाल राइफल्स

8. मेजर हरमिंदर पाल सिंह
(आई सी-46762),
1/4 गोरखा राइफल्स

9. मेजर अमित कुमार चैटर्जी
(आई सी-48355),
5/9 गोरखा राइफल्स

10. कैप्टन रवी कुमार धर
(आई सी-46420),
26 आसाम राइफल्स

11. कैप्टन जितेन्द्र सिंह बिष्ट
(आई सी-48997),
36 राष्ट्रीय राइफल्स

12. कैप्टन कुलदीप पाठक
(आई सी-49794),
9 राष्ट्रीय राइफल्स

13. कैप्टन मनीष चतुर्वेदी
(आई सी-52995),
19 कुमाऊं

14. कैप्टन रविंदर सिंह
(आई सी-51157),
15 राजपूत

15. कैप्टन पटियाल दिग्विजय सिंह
(आई सी-50485),
34 राष्ट्रीय राइफल्स

16. कैप्टन करसी मोहम्मद असलम इस्लाम
(एम आर-6695),
सेना चिकित्सा कोर
(मरणोपरान्त)

17. सैकेण्ड लैफ्टिनेन्ट राजेश खुराना
(आई सी-53680),
2 राजपूत
(मरणोपरान्त)

18. सैकेण्ड लैफ्टिनेन्ट पवनप्रीत सिंह ग्रेवाल
(आई सी-54107),
12 सिख लाईट इन्फेन्ट्री

19. सैकेण्ड लैफ्टिनेन्ट पोहिनी
(एम एस-36634),
8 बिहार

20. सैकेण्ड लैफ्टिनेन्ट विजाय सुब्रामनियम
(आई सी-53787),
13 राजपूताना राइफल्स

21. जे सी-184326 सूबेदार भोला राम जाट,
34 राष्ट्रीय राइफल्स

22. जे सी-185824 सूबेदार दिलीप कुमार राजबोंगशी,
35 राष्ट्रीय राइफल्स

23. जे सी-212897 सूबेदार बेलकार सिंह,
7 सिख रेजिमेन्ट

24. जे सी-36171 नायब सूबेदार प्रेम बहादुर क्षेत्री,
3 एन एच आसाम राइफल्स

25. जे सी-412215 नायब सूबेदार विनोद कुमार,
9 पैराशूट रेजिमेन्ट

26. जे सी-211291 नायब सूबेदार बिजेन्द्र सिंह चौहान,
5 महार

27. जे सी-2600042 नायब सूबेदार रतन राय,
6 आसाम राइफल्स

28. 14538857 एच एम टी क्रिस्टोफर एडवर्ड,
16 सिख लाईट इन्फेन्ट्री
(मरणोपरान्त)

29. 5843278 कम्पनी हवलदार
मेजर गंगा बहादुर क्षेत्री,
5/9 गोरखा राइफल्स
(मरणोपरान्त)

30. 162371 कम्पनी हवलदार मेजर धर्म दत्त जोशी,
16 असम राइफल्स

31. 2776272 हवलदार नाले लाला भीमराओ, 12 मराठा लाईट इंफेंट्री (मरणोपरांत)।

32. 2871980 हवलदार धर्मपाल सिंह, 12 राजपूताना राइफल्स (मरणोपरांत)।

33. 4350967 हवलदार खुपखनमांग, 10 असम रेजिमेन्ट (मरणोपरांत)।

34. 3976995 हवलदार दलीप सिंह, 2 डोगरा, (मरणोपरांत)।

35. 4351614 हवलदार जोसेफ सगमा, 35 राष्ट्रीय राइफल्स।

36. 14478983 लांस हवलदार बोध राज, 4 विकास (एस एफ)।

37. 2581163 लांस हवलदार डी गोपाल रेड्डी, 17 मद्रास।

38. 2666419 लांस हवलदार रणधीर सिंह, 9 ग्रेनेडियर्स (मरणोपरांत)।

39. 2593113 नायक वेनू सी, 5 राष्ट्रीय राइफल्स।

40. 14482503 नायक बोदू लाल मीणा, 4 विकास (एस एफ)।

41. 4178260 नायक देव सिंह भण्डारी, 13 राष्ट्रीय राइफल्स।

42. 13616363 नायक सड़क सिंह, 3 पैराशूट रेजिमेन्ट।

43. 2881839 नायक राजेन्द्र सिंह, 13 राजपूताना राइफल्स।

44. 10290867 नायक अनिल कुमार बी के, 122 इंफैंट्री बटालियन (टी ए)/मद्रास (मरणोपरांत)।

45. 15103372 लांस नायक एम सिद्धार्थन, 93 एफ डी रेजिमेन्ट (मरणोपरांत)।

46. 2678020 लांस नायक राम सिंह, 8 ग्रेनेडियर्स।

47. 2674540 लांस नायक श्री राम, 9 ग्रेनेडियर्स।

48. 3984636 लांस नायक भारत सिंह, 6 डोगरा।

49. 5750621 लांस नायक खेम बहादुर थापा, 33 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)।

50. 5753563 राइफलमैन दिल बहादुर थापा, 6/8 गोरखा राइफल्स (मरणोपरांत)।

51. 13758080 राइफलमैन कुलवंत सिंह जंवराल, 8 जम्मू व काश्मीर राइफल्स।

52. 5848636 राइफलमैन बीरेन छेत्री, 5/9 गोरखा राइफल्स।

53. 4074116 राइफलमैन भरत सिंह, 14 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)।

54. 13759024 राइफलमैन संग्राम सिंह, 5 जम्मू व कश्मीर राइफल्स (मरणोपरांत)

55. 104305 राइफलमैन विजय शंकर यादव, 10 आसाम राइफल्स (मरणोपरांत)।

56. 2779853 सिपाही पदमानाभा डी आई, 12 मराठा लाईट इंफैंट्री (मरणोपरांत)।

57. 2484983 सिपाही संतोख राज, 17 पंजाब (मरणोपरांत)।

58. 4360666 सिपाही अमीन नाजर, 12 आसाम रेजिमेन्ट।

59. 4186287 सिपाही गोविंद सिंह, 7 कुमांऊ (मरणोपरांत)।

60. 4271137 सिपाही नीनामा सोमाजी गोमाजी, 13 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)।

61. 4468516 सिपाही इंदरजीत सिंह, 4 सिख लाईट इंफैंट्री (मरणोपरांत)।

62. 15377990 सिग्नलमैन मूला राम चौधरी, 15 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)।

63. 14916956 गनर पीता वेंकटेश्वर राव, 193 फील्ड रेजिमेन्ट।

64. 13617236 पैराट्रूपर उदय सिंह, 9 पैराशूट रेजिमेन्ट।

65. 700100169 हैड कांस्टेबल कश्मीर सिंह, 143 सीमा सुरक्षा बल।

एस. के. शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं. 87-प्रेज/97—राष्ट्रपति, निम्नलिखित अफसरों/कार्मिकों को उनके साहसपूर्ण कार्यों के लिए नौसेना मेडल/नेवल मेडल प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लैफ्टिनेन्ट समीर मिसल, 03549-आर।

